भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
19.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3202 का उत्तर

रेलवे क्षेत्रीय समितियों की बैठकें

3202. श्री कामाख्या प्रसाद तासा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे क्षेत्रीय समिति (आरजेडसी) नियमित रूप से बैठकें आयोजित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आरजेडसी की बैठकों, जिनमें संसद सदस्य भी भाग लेते हैं, में सरकार को कुल कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) वर्ष 2014 से 2024 तक पूर्वोत्तर राज्यों में आयोजित बैठकों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) प्राप्त और कार्यान्वित किए गए प्रस्तावों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): मौजूदा क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समितियों का पुनर्गठन दिनांक 01.10.2024 से 30.09.2026 तक दो वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, सामान्यतः प्रत्येक जेडआरयूसीसी की वर्ष में तीन बैठकें होनी चाहिए। इन बैठकों को निर्धारित समय पर आयोजित करने के लिए सभी प्रयास किए जाते हैं, परन्तु, कभी-कभी, नीचे बताए गए विभिन्न कारणों से इन बैठकों को निर्धारित समय पर आयोजित करना संभव नहीं हो पाता है:-

I. चुनावों की घोषणा के कारण आदर्श आचार संहिता का लागू होना।

II. संसदीय सत्र के दौरान जेडआरयूसीसी की बैठकें न होने की स्थिति।

III. अन्य कारण जिनमें कोरोना काल जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियाँ शामिल हैं।

उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, 2016 से 2024 के बीच, जेडआरयूसीसी पूर्वोत्तर सीमा रेलवे की छह बैठकें आयोजित हुई हैं। इन बैठकों के दौरान गाड़ियों के विस्तार, यात्रियों की सुविधाओं के प्रावधान आदि के बारे में कई सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन बैठकों के दौरान प्राप्त सुझावों की जांच करना और उचित समझे जाने पर कार्रवाई करना एक निरंतर और सतत प्रक्रिया है और इन सुझावों का अलग से रिकॉर्ड संकलित नहीं किया जाता है।

*****